अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2019
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** शिक्षण एक उद्देश्य निर्देशित क्रिया है, यह किसने कहा है? **(1)**

(A) एन.एल. गेज (B) रायबर्न
(C) वी.ओ. स्मिथ (D) सीकोर्ड।

**2.** आगमन विधि का प्रयोग किया जाता है- **(1)**

(A) व्याकरण में (B) निबन्ध में
(C) गद्य शिक्षण में (D) पद्य शिक्षण में।

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी श्रव्य दृश्य सामग्री के चयन में सर्वाधिक प्रमुख थे? **(1)**

(A) धन व्यवस्था (B) विषय-वस्तु की प्रकृति
(C) शिक्षकों की पसन्द (D) छात्रों की पसन्द ।

**4.** कक्षा शिक्षण में कौन-सा सम्प्रेषण का घटक नहीं है? **(1)**

(A) शिक्षक (B) पाठ्य-वस्तु
(C) अभिभावक (D) छात्र।

**5.** शिक्षक द्वारा कक्षा में अन्त्याक्षरी एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता कराना कौन-सा शिक्षण सिद्धान्त है? **(1)**

(A) नियोजन का सिद्धान्त (B) निश्चित उद्देश्य का सिद्धान्त
(C) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (D) अभिप्रेरण एवं रुचि का सिद्धान्त।

**6.** उदाहरणों एवं दृष्टान्तों के द्वारा कोई सामान्य नियम या सिद्धान्त बनाना कौन-सा शिक्षण सूत्र है? **(1)**

(A) तर्कना की ओर (B) विशिष्ट से सामान्य मान्य की ओर
(C) विश्लेषण से संश्लेषण की ओर (D) संश्लेषण से विश्लेषण की ओर।

**7.** पाठशाला/विद्यालय को उद्यान की संज्ञा किसने दी है? **(1)**

(A) हरबर्ट (B) मॉण्टेसरी
(C) फ्रॉबेल (D) फ्रेंकलिन।

**8.** छात्रों की अपने भावों एवं विचारों को व्यवस्थित ढंग से अभिव्यक्त करना किस प्रविधि में आता है? **(1)**

(A) प्रश्नोत्तर प्रविधि (B) वाद-विवाद प्रविधि
(C) प्रयोगशाला प्रविधि (D) पाठ्य-पुस्तक प्रविधि।

**9.** प्रश्नोत्तर प्रविधि के जन्मदाता हैं- **(1)**

(A) रूसो (B) प्लेटो
(C) सुकरात (D) अरस्तू।

**10.** सम्प्रेषण प्रक्रिया प्रभावी होती है यदि सम्प्रेक्षण- **(1)**

(A) मन्द गति से होता है (B) अनेक व्यक्तियों के साथ होता है
(C) तीव्र गति से होता है (D) स्पष्टता के साथ होता है

**11.** कक्षा-कक्षों की कमी होने पर शिक्षक अपनाता है- **(1)**

(A) बहुकक्षा शिक्षण
(B) बहुस्तरीय शिक्षण विधि
(C) उपचारात्मक शिक्षण विधि
(D) सहभागी शिक्षण विधि

**12.** कक्षा शिक्षण में प्रशंसात्मक शब्दों का प्रयोग किया जाता है- **(1)**

(A) व्याख्यान कौशल
(B) नियमन कौशल
(C) पुनर्बलन कौशल
(D) उद्दीपन परिवर्तन कौशल

**13.** कक्षा शिक्षण करते समय शिक्षक द्वारा टी.एल.एम. का प्रयोग करने से- **(1)**

(A) छात्रों को पाठ सहजता से बोधगम्य हो जाता है
(B) छात्रों का मानसिक विकास होता है
(C) छात्रों का बौद्धिक विकास होता है
(D) उपर्युक्त सभी।

**14.** फ्लैनल बोर्ड किस प्रकार का टी.एल.एम. है? **(1)**

(A) दृश्य-श्रव्य
(B) श्रव्य
(C) दृश्य
(D) इलेक्ट्रॉनिक।

**15.** कौन-सा प्रकृति प्राप्त टी.एल.एम. नहीं है? **(1)**

(A) कंकड़-पत्थर
(B) मानचित्र
(C) टहनियाँ
(D) पत्तियाँ।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**17.** प्रभावी सम्प्रेषण के दो तरीके बताइए। **(1)**

**18.** किन्हीं दो शिक्षण सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**19.** शिक्षण सूत्रों से होने वाले दो लाभ बताइए। **(1)**

**20.** प्रकृति का अनुसरण-सूत्र से आपका क्या तात्पर्य है? **(1)**

**21.** प्रश्नोत्तर प्रविधि के दो लाभ बताइए। **(1)**

**22.** शिक्षण में खेल प्रविधि का महत्व बताइए। **(1)**

**23.** बाल-केन्द्रित शिक्षण एवं शिक्षक-केन्द्रित शिक्षण में अन्तर बताइए **(1)**

**24.** बहुस्तरीय शिक्षण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**25.** निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**26.** एक अच्छी प्रस्तावना के दो गुणों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**27.** 'कठिन-निवारण' किस विषय की पाठ योजना का घटक है, यह क्यों किया जाता है? **(1)**

**28.** अपेक्षित-अधिगम स्तर से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**29.** शिक्षण-अधिगम सामग्री के रख-रखाव में क्या सावधानी रखनी चाहिए? **(1)**

**30.** गणित-किट के किन्हीं दो उपकरणों के नाम बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** उत्तम शिक्षण की क्या विशेषताएँ हैं? **(2)**

**32.** सम्प्रेषण में बाधक तत्व कौन-कौन हैं? **(2)**

**33.** शिक्षण में 'नियोजन के सिद्धान्त' से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**34.** 'पूर्ण से अंश की ओर' शिक्षण-सूत्र को सोदाहरण समझाइए। **(2)**

**35.** 'समूह चर्चा विधि' के लाभ लिखिए। **(2)**

**36.** कक्षा-शिक्षण करते समय अच्छे प्रश्न की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**37.** 'बाल-केन्द्रित शिक्षण' की चार प्रविधियों के नाम लिखिए। **(2)**

**38.** 'श्यामपट्ट लेखन' करते समय क्या सावधानी रखनी चाहिए? **(2)**

**39.** अपेक्षित अधिगम स्तर सम्प्राप्ति के चार उपाय लिखिए। **(2)**

**40.** श्रव्य दृश्य शिक्षण अधिगम सामग्री की चार विशेषताएँ लिखिए **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2019

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN